अमर उजाला 17/10/2023

जोनल युवा महोत्सव में लूर नृत्य की दिखेगी झलक

जीएमएन कॉलेज में 46वां युवा महोत्सव कल से, मेहंदी प्रतियोगिता भी होगी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में 2015 के बाद 18 अक्तूबर से 46वां जोनल युवा महोत्सव शुरू होगा। इस आयोजन को लेकर कॉलेज में तैयारियां शुरू हो गई हैं। कॉलेज सजकर तैयार होने लगा है। महोत्सव में इस बार लूर हरियाणवी नृत्य की झलक देखने को मिलेगी और मेहंदी प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।

जीएमएन कॉलेज महोत्सव में कई वर्षों से अलग-अलग विधाओं में रनरअप ट्रॉफी जीत रहा है। यह महोत्सव 20 अक्तूबर तक चलेगा। इस महोत्सव को लेकर सोमवार को जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने पत्रकारवार्ता में जानकारी दी। डॉ. दत्त ने बताया कि महोत्सव पर करीब 10 लाख से ज्यादा का बजट खर्च होगा। इसमें अंबाला जोन के 20 महाविद्यालय 43 विधाओं में प्रतिभा की छटा बिखेरेंगे।

43

विधाओं में विद्यार्थी बिखेरेंगे प्रतिभा की छटा

उन्होंने कहा कि 46वें युवा महोत्सव में इस बार हरियाणा प्रदेश के विलुप्त होते नृत्य लूर को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस विधा को युवा महोत्सव में शामिल करने का उद्देश्य यही है कि हरियाणा की संस्कृति को देश के साथ-साथ विश्वभर में पहचान मिले।

छावनी के जीएमएन कॉलेज में जोनल युवा महोत्सव की तैयारी करते विद्यार्थी। संवाद

ऐसे चलेंगे कार्यक्रम

- **18 अक्तूबर :** स्टेज वन में कोरियोग्रॉफी, रितुल्स, लूर हरियाणवी नृत्य, पोप सांग हरियाणवी, सोलो डांस हरियाणवी पुरुष, स्टेज टू में क्लासिकल नृत्य सोलो, ग्रुप सांग जनरल, सोलो नृत्य हरियाणवी महिला, माइम, संस्कृत ड्रामा, स्टेज तीन में फॉक सांग हरियाणवी सोलो, फोक सांग जनरल, लाइट वोकल इंडियन, क्लासिकल वोकल सोलो, स्टेज पांच में ऑन द स्पॉट पेटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्टेज छह में क्विज प्री, क्विज फाइनल।
- **19 अक्तूबर :** स्टेज वन में रसिया ग्रुप नृत्य, ग्रुप सांग हरियाणवी, ग्रुप नृत्य जनरल, स्टेज टू में हरियाणवी हिंदी स्किट, वन एट प्ले, मिमिक्री, इंडियन ऑर्केस्ट्रा, स्टेज तीन में क्लासिकल इंस्ट्रू सोलो पी, क्लासिकल इंस्ट्रू सोलो एनपी, फोक इंस्ट्रू सोलो, स्टेज चार सांग दो बजे, स्टेज पांच में क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, मेहंदी, स्टेज छह में डेकामेशन संस्कृत, वाद-विवाद, इलोक्यूशन।
- **20 अक्तूबर :** स्टेज वन में हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, ग्रुप डांस हरियाणवी, स्टेज टू में वेस्टर्न वोकल सोलो, वेस्टर्न, इंस्ट्रूमेंटल सोलो, वेस्टर्न ग्रुप सांग, स्टेज पांच में ऑन द स्पॉट फोटोग्रॉफी इंस्टालेशनस।

जीएमएन कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ. राजेंद्र देसवाल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी कॉलेजों के विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। वहीं कॉलेज में अलग-अलग विधाओं के लिए पांच स्टेज लगाए जाएंगे। 18 अक्तूबर को महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज शिरकत करेंगे। वहीं 20 अक्तूबर को राज्यपाल हरियाणा मुख्यातिथि होंगे।